# ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रेलवे माल गोदाम श्रमिकों को भी योजनाओं का लाभ देने के लिये ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की है।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों के साथ-साथ श्रमिकों की आय को भी डबल करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिये राज्य में असंगठित मज़दूरों का पंजीकरण हो रहा है।
- पंजीकरण कराने वाले माल गोदाम श्रमिकों को भी केंद्र व राज्य सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।
- उन्होंने बताया कि श्रमिक समाज का असली निर्माता है। 19वीं शताब्दी में जब औद्योगिक क्रांति आई थी, तब उद्योगों के विकास में रेलवे का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। देश की तरक्की उद्योगों से, उद्योगों की तरक्की रेलवे से और रेलवे की तरक्की श्रमिकों से हुई। किसी भी देश की तरक्की श्रमिकों पर निर्भर करती है।
- हरियाणा सरकार कंस्ट्रक्शन (निर्माण), प्रवासी मज़दूरों, दुकानदारों, मछुआरे व असंगठित क्षेत्र के अन्य श्रमिकों का भी पंजीकरण कर रही है। इनका पंजीकरण पूर्ण हो जाने पर उन्हें स्वास्थ्य, बच्चों की पढ़ाई, रोज़गार, मकान व सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी 22 योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/registration-on-e-shram-portal